वी.यू. में प्रशासनिक फेरबदल

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर, के अंर्तगत प्रशासनिक फेरबदल किया गया जिसके तहत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू के अधिष्ठाता, डॉ. मुकेश कुमार मेहता को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के अधिष्ठाता संकाय का कार्यभार सौंपा गया। उनके स्थान पर पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू, के पशु पोषण विभाग के प्रमुख डॉ. आर.के. जैन को अधिष्ठाता पशुचिकित्सा महाविद्यालय महू का कार्य भार सौंपा गया है। इसी कड़ी में डॉ. आर.के. बघेरवाल, प्राध्यापक वेटनरी मेडिसिन विभाग पशु चिकित्सा पशु पालन महाविद्यालय महू को संचालक वेटरनरी पॉलिटेक्निक नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर का कार्यभार सौंपा गया, डॉ. एस.के. कारमोरे प्राध्यापक वेटनरी एनाटॉमी विभाग पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय रीवा को संपदा अधिकारी नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर का दायित्व सौंपा गया, इसी क्रम में डॉक्टर बी.पी. शुक्ला प्राध्यापक एवं विभाग अध्यक्ष वेटरनरी सर्जरी एंड रेडियोलॉजी विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू को संचालक क्लिनिक्स नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर का दायित्व सौंपा गया। डॉ. गिरधारी दास प्राध्यापक वेटरनरी पैरासाइटोलॉजी विभाग पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर, को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति सहित संचालक शिक्षण नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर, का दायित्व सौंपा गया है। नवनियुक्त अधिकारीयों को विश्वविद्यालय के अधिकारीगण एवं प्राध्यापकगण द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर